# कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, जमुई।

पत्रांक :– 839(अ०) दिनांक :– 16/10/2017

प्रेषक ,

कार्यपालक अभियंता,
पथ निर्माण विभाग,
पथ प्रमंडल, जमुई।

सेवा में,

अपर प्रधान, मुख्य वन संरक्षक,
कैम्पा–सह–नोडल पदाधिकारी
(वन संरक्षण) अरण्य भवन,
बिहार,पटना।

विषय :– पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, जमुई अन्तर्गत लछुआर से जमुई–गरही–रूपावेल–कौआकोल (SH-82) में रूपावेल तक भाया कुन्डघाट, भगवान महावीर जन्म स्थली पथ के कि0 मी0 0.00 से 25.05 तक चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य हेतु वन क्षेत्र में पड़ने वाले पथांश (चैनेज 6000 से 17000 = 11.000 कि0 मी0 एवं चैनेज 21100 से 22300 = 1.200 कि0 मी0) कुल 12.200 कि0 मी0 के लिए वन विभाग से अनुमति हेतु विहित प्रपत्र में प्रतिवेदन समर्पित करने के संबंध में।

महाशय,

उपरोक्त विषय के संदर्भ में सूचित करना है कि पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, जमुई अन्तर्गत लछुआर से जमुई–गरही–रूपावेल–कौआकोल (SH-82) में रूपावेल तक भाया कुन्डघाट, भगवान महावीर जन्म स्थली पथ के कि0 मी0 0.000 से 25.050 तक चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य करना है। पथ के वन क्षेत्र में पड़ने वाले पथांश (चैनेज 6000 से 17000 = 11.000 कि0 मी0 एवं चैनेज 21100 से 22300 = 1.200 कि0 मी0) कुल 12.200 कि0 मी0 के लिए वन विभाग से अनुमति प्राप्त करना आवश्यक है। इस संबंध में संबंधित सहायक अभियंता, पथ प्रमंडल, जमुई द्वारा भवदीय के कार्यालय कक्ष में दिनांक 15.09.2017 को संपर्क किया गया था और भवदीय द्वारा निदेश दिया गया कि वन क्षेत्र में पड़ने वाले पथांश का G.P.S Reading लेने के पश्चात् online किया जाय तत्पश्चात् Hard copy समर्पित किया जाय।

अतः भवदीय के निदेशानुसार वन क्षेत्र में पड़ने वाले पथांश का विहित प्रपत्र में प्रतिवेदन आठ प्रतियों में तैयार कर आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित किया जाता है। अनुरोध है कि अनापत्ति प्रमाण पत्र देने की कृपा की जाय।

अनु0:– यथोक्त।

विश्वासभाजन

16/10/2017

कार्यपालक अभियंता
पथ निर्माण विभाग
पथ प्रमंडल, जमुई।